

# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

## शुद्धि पत्र

दिनांक-08.07.2019 को वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदान की मांगों [खण्ड-4 (नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद में अंकित माननीय सदस्यों के नाम के क्रमांक-(iii) के बाद माननीय सदस्य श्री मो० नवाज आलम का नाम क्रमांक-(iv) पर पढ़ा जाय । शेष क्रमांक तदनुसार यथा संशोधित समझा जाय ।

पटना
दिनांक-09.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।



# षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-08 मंगलवार, दिनांक-09 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल** :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 113 तारांकित प्रश्न अनागत ।

प्रश्नोत्तरकाल के दौरान माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी के अनुरोध पर आसन द्वारा सदन को आश्वस्त किया गया कि तारांकित प्रश्न संख्या-513 के विषय को स्वयं भी देखेंगे ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव** :-

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम एवं श्री सत्यदेव राम से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री महबूब आलम द्वारा अपने कार्य स्थगन के विषय पर पक्ष रखा गया ।

[3] **शून्यकाल** :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव

(ii) श्री ललन पासवान

(iii) श्री राजेन्द्र कुमार

(iv) श्री सुबोध राय

(v) श्री अमीत कुमार

(vi) श्री महबूब आलम

(vii) श्री समीर कुमार महासेठ

(viii) श्री बशिष्ठ सिंह

(ix) श्री संजय कुमार तिवारी

(x) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(xi) श्री आनन्द शंकर सिंह

(xii) श्री विद्या सागर केशरी

(xiii) श्री विजय कुमार खेमका

(xiv) श्री सरोज यादव

शून्यकाल के दौरान आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा एन.एम.सी.एच. में जल जमाव का मुद्दा उठाया गया है ।

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री मुनेश्वर चौधरी एवं अन्य सात सभासदों के खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री मुनेश्वर चौधरी द्वारा पढ़ा गया । सरकार के वक्तव्य पर माननीय सदस्यों की आपत्ति को देखते हुए आसन द्वारा इसे स्थगित किया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ एवं अन्य दस सभासदों के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्री राम नारायण मंडल द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा बिहार स्टेट रोड डेपलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का वर्ष 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा उद्योग विभाग से संबंधित बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड का वर्ष 2002-03 से 2009-10 तक के अंकेक्षण प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-05 (सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, उद्योग विभाग तथा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, श्री राणा रणधीर द्वारा सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री भोला यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री जितेन्द्र कुमार
(iii) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(iv) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान
(v) श्री राजेन्द्र कुमार
(vi) श्री चन्द्रसेन प्रसाद
(vii) श्री केदार प्रसाद गुप्ता
(viii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(ix) श्री यदुवंश कुमार यादव
(x) श्री सत्यदेव राम
(xi) श्री ललन पासवान
(xii) श्री रामप्रीत पासवान
(xiii) श्री राजेश कुमार
(xiv) श्री सीताराम यादव
(xv) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xvi) श्री लाल बाबू राम

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री राणा रणधीर द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी के कटौती प्रस्ताव पर सदन में मत विभाजन की प्रक्रिया द्वारा 52 के मुकाबले 85 मतों से कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 32 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-10 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-09.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।